# कार्यालय उप संचालक कृषि, सह परियोजना प्रबंधक WCDC
# उप संचालक कृषि मुंगेली, जिला – मुंगेली (छ.ग.)

## –:: विज्ञापन ::–

क्र./तक.–4/WCDC/विज्ञा./2022–23/ 4224 मुंगेली, दिनांक 19/1/2023

छ.ग. शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग का पत्र क्रं. /1902/रायपुर, दिनांक 28.09.2022 एवं छ.ग. राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर, लाभाण्डी, रायपुर का पत्र क्रमांक 735/रायपुर, दिनांक 18.10.2022/छ. ग.रा.ज.क्षे.प्र.ए.इं.न.लाभा. रायपुर का पत्र क्र./989/CGSWMA/22 रायपुर दिनांक 27.12.2022 के निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा जारी समान मार्गदर्शी सिद्धांत नई पीढ़ी वाटरशेड विकास परियोजनाएं 2021 के परिपालन में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक – 2.0 (PMKSY-WDC-2.0) अंतर्गत वर्ष 2021–22 में जिले में स्वीकृत परियोजना अंतर्गत कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक मुंगेली, जलग्रहण सह डाटा केन्द्र (WCDC) एवं परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी (PIA) हेतु अधोवर्णित पदों व उनके सम्मुख दर्शाए विवरण अनुसार संविदा नियुक्ति संबंधित निर्देश क्रमांक/एफ–2022–14–00146 दिनांक 23.09.2022 के तहत एक वर्ष की संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, विशेष योग्यता सहित वांछनीय अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 03/02/2023 को सायं 05:30 बजे तक संपूर्ण योग्यता एवं अनुभव आदि प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए जाते है।

| क्र. | स्वीकृत पद | पद संख्या | मैट्रिक्स वेतन/एकमुश्त वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | संविदा नियुक्ति के तहत चयन हेतु मेरिट अंक का निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | तकनीकी विशेषज्ञ (अभियांत्रिकी) WCDC-जिला स्तर अना. मुक्त–01 | 1 | 13/ 49000/– एकमुश्त | कृषि अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर/सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री के साथ–साथ मृदा एवं जल संरक्षण/वानिकी/शुष्कभूमि कृषि/ उद्यानिकी/जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए– 70<br>कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर– 15<br>शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव– 15<br>उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन<br>1. न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव– 5<br>2. 5 वर्ष तक का अनुभव– 10<br>3. 5 वर्ष से अधिक का अनुभव– 15 |
| 2 | WDT सदस्य (यांत्रिकी) PIA-स्तर अना. मुक्त–01 | 1 | 10/ 31450/– एकमुश्त | **न्यूनतम**–बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी)/ बी.ई. सिविल/दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा रूरल टेक्नॉलाजी एण्ड मेनेजमेंट विषय में।<br>**वांछनीय**–मृदा एवं जल संरक्षण/वानिकी/ शुष्क भूमि कृषि/ उद्यानिकी/जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता। | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए– 70<br>कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर– 15<br>शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव– 15<br>उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन<br>1. न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव– 5<br>2. 5 वर्ष तक का अनुभव– 10<br>3. 5 वर्ष से अधिक का अनुभव– 15 |
| 3 | WDT सदस्य (समूह विकास) PIA-स्तर अना. मुक्त–01 | 1 | 08/ 25780/– एकमुश्त | **न्यूनतम** – एम.बी.ए. अथवा प्रबंधन में समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा/ग्रामीण प्रबंधन/विकास में स्नातकोत्तर अथवा समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सामाजिक कार्य (MSW)/ समाजशास्त्र में स्तनातकोत्तर<br>**वांछनीय**–मृदा एवं जल संरक्षण /वानिकी / शष्कभूमि/ उद्यानिकी/जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता। | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए– 70<br>कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर– 15<br>शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव– 15<br>उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन<br>1. न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव– 5<br>2. 5 वर्ष तक का अनुभव– 10<br>3. 5 वर्ष से अधिक का अनुभव– 15 |

ोट :– आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय उप संचालक कृषि मुंगेली के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

**नियम एवं शर्ते :–**

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय WDC-PMKSY 2.0 योजना से प्रतिपूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेगें। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदों का व्यय भार वहन नहीं किया जावेगा।
2. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, जिसकी पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।
3. आवेदक को छ.ग. राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. उम्मीदवार को दिनांक 01.01.2022 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अन्य विशेष वर्ग जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग महिला उम्मीदवारों के लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी।
6. सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारी के लिए संविदा नियुक्ति के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष होगी तथा अन्य आवेदकों के लिए शासन के नियमानुसार आयु–सीमा लागू होंगी।
7. शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन करने के पहले विज्ञापन में प्रकाशित आवश्यक शैक्षणिक एवं अर्हताओं के अनुरूप अपनी अर्हता स्वयं सुनिश्चित कर लेवें एवं अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने की स्थिति से पूर्णतया संतुष्ट होने पर ही आवेदन करें। कौशल परीक्षा में सम्मिलित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदन को अर्ह मान लिया गया है तथा चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक को अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन बिना कोई सूचना दिये निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।
9. उपरोक्त पदो पर न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पर आधारित मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
10. उपरोक्त पद हेतु कौशल परीक्षण लिया जावेगा कौशल परीक्षा हेतु 1:5 उम्मीद्वारो को सूचित किया जावेगा।
11. चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
12. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे। ऐसे आवेदन पत्रों के संबंध में कोई अलग से सूचना नहीं दी जावेगी। आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 03/02/2023 कार्यालयीन समय तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC जिला – मुंगेली (छ.ग.)** को प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा। व्यक्तिगत आवेदन पत्र एवं कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किया जावेगा।
13. संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
14. विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये कि आवेदक संबंधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा है।
15. आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जायेगा।

16. जन्मतिथि के प्रमाण के लिए सामान्यतः हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी, मैट्रिककुलेषन परीक्षा के प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

17. प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा संलग्न करने हेतु प्रमाणपत्र–1. कक्षा दसवीं की अंकसूची। 2. कक्षा बारहवीं की अंकसूची। 3. शैक्षणिक योग्यता प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक प्रमाणपत्र। 4. छत्तीसगढ़ का मूल/स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र 5. जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीद्वारों हेतु) 6. अनुभव प्रमाणपत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र (शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए ) 7. 02 पासपोर्ट साईज का फोटो 8. रोजगार पंजीयन

18. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

19. कोई भी उम्मीदवार जिनकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

20. इस विज्ञापन में जिला स्तर पर वर्तमान में लागू रोस्टर के आधार पर संवर्गवार रिक्तियां सुनिश्चित की गई है।

21. चयन के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

22. रिक्त पदों की संख्या घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है, इसका सर्व अधिकार छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर, लाभाण्डी, रायपुर के पास होगा।

23. अलग–अलग पद के लिये अलग–अलग आवेदन पत्र ही मान्य किये जावेंगे।

24. उम्मीदवार लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं प्रेषक के नाम एवं पत्र व्यवहार का पता एवं मोबाईल नंबर तथा दो खाली लिफाफा 40–40 रू. का डाक टिकट सहित प्रेषित करेंगे।

25. नियुक्ति की अन्य शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय पर उप संचालक कृषि जिला मुंगेली के सूचना पटल एवं विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईड www.cg.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतिरिक्त कलेक्टर
चयन समिति अध्यक्ष (WCDC)
जिला – मुंगेली (छ.ग.)

# आवेदन का प्रारूप

स्वप्रमाणित<br>नवीनतम<br>पासपोर्ट<br>साईज फोटो<br>चिपकायें

प्रति,

उप संचालक कृषि,<br>
सह परियोजना प्रबंधक WCDC<br>
जिला–मुंगेली (छ.ग.)।

1. आवेदित पद का नाम :– ..............................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..............................
   (अंग्रेजी के केपिटल लेटर में) :– ..............................
3. लिंग (पुरूष / महिला) :– ..............................
4. वैवाहिक स्तर :– ..............................
   (विवाहित / अविवाहित / विधवा / विधुर) :– ..............................
5. पिता / पति का नाम :– ..............................
6. प्रवर्ग (सामान्य / अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व.) :– ..............................
7. जन्मतिथि (अ) अंकों में :– ..............................
   (ब) शब्दों में :– ..............................
8. आयु (01.01.2023 की स्थिति में) :– .............. वर्ष ....................... माह ....................... दिन .
9. जाति :– ..............................
   (आरक्षित वर्ग के आवेदक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें)
10. स्थायी पता :– ..............................
    ..............................
    ..............................
    पत्र व्यवहार का पता :– ..............................
    ..............................
    ..............................
    मोबाईल नम्बर :– ..............................
11. जिला जहां के मूल निवासी है :– ..............................
12. शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल एवं समकक्ष से प्रारंभ करते हुये) :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा / डिग्री | मान्यता प्राप्त बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत् | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

/ / क्रमशः पेज 2 पर,

13. अन्य योग्यता/अनुभव का विवरण :– ..........................................................
(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

14. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन :– ..........................................................

15. आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् है ? :– ..........................................................
(यदि हाँ तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

16. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दण्डित प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। :– ..........................................................

**टीप :–** जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

17. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

| | |
|---|---|
| 1. .......................................... | 2. .......................................... |
| 3. .......................................... | 4. .......................................... |
| 5. .......................................... | 6. .......................................... |
| 7. .......................................... | 8. .......................................... |

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(नाम एवं पूरा पता)**

## घोषणा–पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सहीं है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(नाम एवं पूरा पता)**